(i) (क)1996-97 के वर्ष के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, का वार्षिक प्रतिवेदन।

(ख) 1996-97 के वर्ष के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, के वार्षिक लेखे और उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(ग) उपर्युक्त प्रतिवेदन को स्वीकार करते हुए सरकार का विवरण [पुस्तकालय में रखी गई। **देखिये** संख्या एल.टी. 463/99]

(II)(क) 1997-98 के वर्ष के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, का वार्षिक प्रतिवेदन।

(ख) 1997-98 के वर्ष के लिए वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, के वार्षिक लेखे और उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(ग) उपर्युक्त प्रतिवेदन को स्वीकार करते हुए सरकार द्वारा विवरण। [पुस्तकालय में रखी गई। **देखिये** संख्या एल.टी. 464/99]

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल): जो आप पेपर ले कर रहे हैं इसी मामले पर हमारा एक सवाल है। सर, 1997-98 के लिए जब रेलवे मिनिस्ट्री पेपर ले करती है तो रीजंस फार डिले दे रही है और जब जोशी जी आकर के 1996-97 के लिए एनयुअल रिपोर्ट ले कर रहे हैं तो रीजंस फार डिले नहीं दे रहे हैं। तो जोशी जी को रीजंस फार डिले देना चाहिए या वह इसको करंट समझते हैं।

डॉ. मुरली मनोहर जोशी : मिल जायेगा।

Reports and Accounts (1997-98) of Fertilizers and Chemicals Travancore Ltd. Kochi, Kerala, Pyrits , Phosphates and ChemicalsLtd. Rohtas (Bihar) and Bengal Chemicals and Pharmaceuticals Ltd. Calcutta and related papers.

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री सुरेश प्रभु) : महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं:-

I. कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 की उपधारा (1) के अधीन निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में):

(i)(क) 1997-98 के वर्ष के लिए फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड, कोची, केरल का चौवनवां वार्षिक प्रतिवेदन ओर लेखे, लेखाओं पर लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन और उस पर भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों सहित।

(ख) उपर्युक्त कम्पनी के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा। [पुस्तकालय में रखी गई। **देखिये** संख्या एल.टी. 748/99]

(ii)(क) 1997-98 के वर्ष के लिए पाइराइट्स फासफेट्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड, रोहतास (बिहार) का अड़तीसवां वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे, लेखाओं पर लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन और उस पर भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों सहित।

(ख) उपर्युक्त कम्पनी के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा। [पुस्तकालय में रखी गई। **देखिये** संख्या एल.टी. 749/99]

(iii)(क) 1997-98 के वर्ष के लिए बंगाल केमिकल्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, कलकत्ता का सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे, लेखाओं पर लेखा परीक्षक के प्रतिवेदन और उस पर भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की टिप्पणियों सहित।

(ख) उपर्युक्त कम्पनी के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

II. ऊपर (I) मैं उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारणों को दर्शाने वाला विवरण (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) [पुस्तकालय में रखी गई। **देखिये** संख्या एल.टी. 747/99]

I. Notification of the Ministry of Consumer Affaris and Public Distribution.

II. Report and Accounts (1998-99) of the National Cooperative Federation of India Ltd. New Delhi and related papers.

उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री शांता कुमार): महोदय, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं: